**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.04.2026 / प्रादेशिक समाचा / 09:20बजे**

**0000**

**आज के मुख्य समाचार''**

- भारतीय जनता पार्टी आज मना रही अपना 47वां स्थापना दिवस–गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को दी शुभकामनाएं
- भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह की अध्यक्षता में–भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज से मंडी में होगी शुरू
- प्रदेश में कार्यरत 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर –11 अप्रैल तक जारी रहेगी हड़ताल
- ग्रामीण अर्थवस्था और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने शुरू की एक जिला, तीन उत्पाद योजना
- जनजातीय जिलों सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ होने से लोगों को मिली राहत

अब समाचार विस्तार से –

**बीजेपी स्थापना दिवस**

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से जन्मी भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति के ऐतिहासिक महत्व को पुनस्थापित करने का लगातार प्रयास कर रही हैं।

**सौदान सिंह**

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक आज से मंडी में शुरू हो रही है, जिसमें प्रदेश के सभी प्रमुख नेता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन आज प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें प्रकोष्ठों के संयोजक, मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी विभाग सहित संगठन के विभिन्न अंगों की भागीदारी रहेगी। बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह कल मंडी पहुंचे, जहां उनका पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह को प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। कल 7 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक रणनीति, राजनीतिक हालात और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**एलपीजी सिलेंडर**

केंद्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती मांग पूरी करने के लिए आपूर्ति बढ़ाने के बाद 23 मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेंण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए पता व प्रमाण की जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कमी की खबर नहीं है। चार अप्रैल को 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग के 95 प्रतिशत की ऑनलाइन बुकिंग हुई।

**योजना**

प्रदेश सरकार ने एक जिला, तीन उत्पाद योजना शुरू की है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, स्थानीय सशक्तीकरण को बढ़ावा देना और प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की वास्तविक वाणिज्यिक क्षमता को विकसित करना है। इस योजना के तहत हर जिले से बाजार की संभावनाओं के आधार पर तीन प्रमुख उत्पादों की पहचान की जाएगी।

**डिस्पैच–**

**हड़ताल**

प्रदेश में कार्यरत 108 एवं 102 एंबुलेंस के सैंकड़ों कर्मचारियों ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले कल देर रात 8 बजे से 11 अप्रैल सुबह 8 बजे तक 132 घंटे की हड़ताल शुरू कर दी है। इसके तहत पांच दिन तक सैकड़ों कर्मी अपनी मांगों को लेकर छोटा शिमला स्थित सचिवालय में रात दिन धरना देंगे। इस प्रदेशव्यापी हड़ताल के दौरान एंबुलेंस सेवाएं पूर्ण रूप से बाधित रहेंगी। 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने कहा है कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को न माना गया तो तो यूनियन निर्णायक संघर्ष करेगी। वहीं, सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि मुख्य नियोक्ता नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कार्यरत मेडस्वान फाउंडेशन के अधीन काम कर रहे सैकड़ों कर्मचारी शोषण के शिकार हैं। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों को सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान, डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान और कर्मचारियों को नियमानुसार सभी छुट्टियों का प्रावधान किया जाए।

**फसल नुकसान**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में कल एक समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि ज़िले में करीब एक हज़ार करोड़ रूपए की पेयजल व सिंचाई योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से समयबद्ध रूप से लोगों को पेयजल व सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। अग्निहोत्री ने संतोषगढ़ सीवरेज योजना के शेष कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फबारी व निचले इलाकों में वर्षा हुई है। वहीं, मध्यवर्ती व निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों, फलों व सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस मिजाज से तापमान में भी कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज भी ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर कहीं–कहीं वर्षा की संभावना जताई है। वहीं, अगले दो दिन लाहौल–स्पीति व किन्नौर को छोड़कर प्रदेश के अन्य 10 जिलों में अंधड़, बिजली कड़कने व कुछ जगह ओलावृष्टि का आरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुखी है–**हिमाचल के नौ जिलों में बारिश–ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, लाहौल में हिमस्खलन।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**अटल टनल के पास पीर पंजाल में हिमस्खलन।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**बर्फबारी और बारिश से छह डिग्री तक गिरा तापमान, 9 अप्रैल तक बरसेंगे बादल।**

दैनिक जागरण ने खबर दी है–**मुख्य सचिव की कुर्सी पर संकट, सरकार के नाम भूमि करने की प्रकिया शुरू।** दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**किसी कर्मचारी की आज दिन तक नहीं रूकी सैलरी।** हिमाचल दस्तक का कहना है–**प्रदेश में थमे एंबुलेंस के पहिए।** दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–**राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने उच्च शिक्षा की गुणवता सुधारने के लिए उद्योग–शिक्षा सहयोग पर दिया बल।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- भारतीय जनता पार्टी आज मना रही अपना 47वां स्थापना दिवस–गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को दी शुभकामनाएं
- भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह की अध्यक्षता में–भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज से मंडी में होगी शुरू
- प्रदेश में कार्यरत 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर –11 अप्रैल तक जारी रहेगी हड़ताल
- ग्रामीण अर्थवस्था और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने शुरू की एक जिला, तीन उत्पाद योजना
- जनजातीय जिलों सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम साफ होने से लोगों को मिली राहत

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप  सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।